डीजीटी-ई-11016/01/2020-हिंदी
भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
प्रशिक्षण महानिदेशालय
*****

नई दिल्ली, दिनांकः18जून, 2024

## कार्यालय टिप्पणी

**विषयः प्रशिक्षण महानिदेशालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त जारी करने के संबंध में।**

उप महानिदेशक महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 04.06.2024 (मंगलवार) अपराह्न 2.30 बजे कौशल भवन स्थिति सभागार-2 में संपन्न राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त संलग्न है।

2. समस्त संबंधित अधिकारियों/अनुभागों से अनुरोध है कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा की गई कार्रवाई से हिंदी एकक को अवगत करवाएं।

3. उक्त बैठक का कार्यवृत्त महानिदेशक/अपर सचिव महोदया द्वारा अनुमोदित है।

गुलाब चंद्रा

**संलग्नः यथोपरी**

**(गुलाब चंद्रा)**
सहायक निदेशक, राजभाषा (प्रभारी)

सेवा में,

1. प्रशिक्षण महानिदेशालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य।
2. प्रशिक्षण महानिदेशालय के सभी अनुभाग
3. महानिदेशक/अपर सचिव के पीएसओ
4. उप महानिदेशक के प्रधान निजी सचिव
5. सहायक निदेशक (राजभाषा), कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय मंत्रालय, नई दिल्ली को सूचनार्थ

**प्रशिक्षण महानिदेशालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 04.06.2024 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त**

*****

प्रशिक्षण महानिदेशालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 04.06.2024 को अपराह्न 02:30 बजे, कौशल भवन, भूतल स्थित सभागार-II में उप महानिदेशक महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भाग लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची संलग्न है।

सर्वप्रथम राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक की कार्रवाई आरंभ करने की अनुमति मांगी गई। इसके पश्चात वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी को कार्यसूची चर्चा के लिए मदवार प्रस्तुत करने को कहा जिस पर चर्चा/निर्णय का विवरण निम्नानुसार रहाः

1. **पिछली बैठक की कार्यवृत की पुष्टिः**

सर्वप्रथम सभी उपस्थित सदस्यों की सहमति से महानिदेशालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 21.03.2024 को आयोजित बैठक के कार्यवृत की पुष्टि की गई।

2. **पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों की सूचना कार्यवृत्त के माध्यम से समस्त अनुभागों को दे दी गई थी एवं अनुवर्ती कार्रवाई के संबंध में विभिन्न अनुभागों ने अवगत कराया था कि वे राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु संबंधित निदेशों का समुचित अनुपालन कर रहें है।

3. **राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम**

वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया की मंत्रालय/विभाग/कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी कार्यों हेतु प्रति वर्ष राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा वार्षिक कार्यक्रम जारी किए जाते हैं और वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए निदेशों एवं अनुदेशों के अनुसार राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी कार्यों का निर्वहन किया जाता है। अध्यक्ष महोदय ने सभी को राजभाषा संबंधी अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निदेश दिए हैं।

(कार्रवाई - समस्त अधिकारी/कर्मचारी/सभी अनुभाग)

4. **वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार शत-प्रतिशत पत्राचार**

अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया की राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार शत-प्रतिशत पत्राचार हिंदी /द्विभाषी में किया जाए तथा रूटीन प्रकृति के दस्तावेज को हिंदी एकक से अनुवाद करा कर जारी किया जाए।

(कार्रवाई - समस्त अधिकारी/कर्मचारी/सभी अनुभाग/हिंदी एकक)

5. **वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिंदी टिप्पण 75% किया जाना**

अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया की राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार 75 प्रतिशत टिप्पण हिंदी में किया जाए एवं सभी अनुभागों को मूल रूप से टिप्पणी हिंदी में लिखने हेतु प्रोत्साहित किया।

(कार्रवाई - समस्त अधिकारी/कर्मचारी/सभी अनुभाग/हिंदी एकक)

6. **व्यक्तिशः आदेश जारी किया जाना**

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि राजभाषा नियम, 1976 के नियम 8(4) के अनुसार केंद्र सरकार के अधिसूचित कार्यालयों के हिंदी में प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों को टिप्पण, प्रारुपण और अन्य शासकीय कार्यों को केवल हिंदी में करने के लिए महानिदेशक/अपर सचिव महोदया के हस्ताक्षर से व्यक्तिशः आदेश जारी किया जाए।

(कार्रवाई- हिंदी एकक)

7. **अनुभागों को अपना संपूर्ण कार्य हिंदी में करने के लिए विनिर्दिष्ट करना**

अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा विभाग के निदेशानुसार राजभाषा कार्यान्वयन सुनिश्चित करने और राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से महानिदेशालय के निम्नलिखित अनुभागों को

- सामान्य प्रशासन
- रोकड़ अनुभाग
- टी.टी. सेल
- सी.डी. अनुभाग एवं
- टी.सी. अनुभाग

अनुभागों को शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में निष्पादित करने हेतु विनिर्दिष्ट किया जाए।

(कार्रवाई- हिंदी एकक)

8. **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य मद**

i. अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के कार्यों में उतरोत्तर वृद्धि हेतु क्षेत्रवार राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जाए। प्रथम क्षेत्र-वार राजभाषा सम्मेलन का आयोजन उत्तरी क्षेत्र के सभी कार्यालयों को शामिल कर उप महानिदेशक की अध्यक्षता में एनएसटीआई, देहरादून में किया जाए।

(कार्रवाई- हिंदी एकक)

ii. उपस्थित सदस्यों को हिंदी पत्रिका के प्रकाशन हेतु हिंदी से संबंधित सामग्री (कविता, कहानी, लेख, यात्रा-वृतांत आदि) तैयार करने के लिए कहा गया।

(कार्रवाई - समस्त अधिकारी/कर्मचारी/सभी अनुभाग/हिंदी एकक)

iii. पुस्कालय की स्थापना के क्रम में पुस्तकालय के लिए हिंदी पुस्तकों की सूची हिंदी एकक को अग्रेषित की जाए।

(कार्रवाई - समस्त अधिकारी/कर्मचारी/सभी अनुभाग/हिंदी एकक)

अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की सूचीः**

| क्र. सं. | नाम (श्री/सुश्री) | पद | अनुभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | ईश्वर सिंह | उप महानिदेशक/अध्यक्ष | |
| 2 | ब्रजेश कुमार माथुर | उप सचिव | स्थापना |
| 3 | अनूप सिंह परिहार | संयुक्त निदेशक/कार्यालय अध्यक्ष | सामान्य प्रशासन |
| 4 | आर.सी.मीना | संयुक्त निदेशक | टी.टी.सेल |
| 5 | उषा | अवर सचिव | वीएफटीए/पॉलिटेक्निक |
| 6 | सोनू भाटिया | अवर सचिव | स्थापना-2 |
| 7 | राजेश मीना | उप निदेशक | परियोजना |
| 8 | उमेश कुमार मिश्र | सहायक निदेशक | रोकड़ अनुभाग |
| 9 | गुलाब चंद्रा | सहायक निदेशक | सीएफआई |
| 10 | जयपाल | अनुभाग अधिकारी | सामान्य अनुभाग |
| 11 | इन्दु शर्मा | अनुभाग अधिकारी | स्थापना-1 |
| 12 | सुमित्रा टोप्पो | अनुभाग अधिकारी | स्थापना-1 |
| 13 | सुनीता डावर | अनुभाग अधिकारी | रोकड़ अनुभाग |
| 14 | हरीश कुमार वशिष्ठ | प्रशिक्षण अधिकारी | बजट |
| 15 | शिव कुमार | प्रशिक्षण अधिकारी | सी.डी. |
| 16 | टीना शर्मा | प्रशिक्षण अधिकारी | रोकड़ अनुभाग |
| 17 | जगदीश प्रसाद मीना | प्रशिक्षण अधिकारी | समन्वय |
| 18 | बबीता प्रसाद | प्रशिक्षण अधिकारी | टी.सी. |
| 19 | मोनिका चौधरी | प्रशिक्षण अधिकारी | स्थापना-2 |
| 20 | मधु | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | डीजीटी |
| 21 | मनीष कुमार | कार्यालय अधिकारी | रोकड़ अनुभाग |
| 22 | नीतू | जे.एस.ए | स्थापना-2 |
| 23 | सुमन | एमटीएस | हिंदी एकक |
| 24 | महेश कुमार | इंजीनियर | आई.टी.सेल |
| 25 | सीमा रावत | डीईओ | हिंदी एकक |
| 26 | प्रेम शंकर जयसवाल | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य सचिव |